जागरण

# नकली फिनाइल फैक्ट्री का भंडाफोड़

Publish Date:Wed, 07 Jul 2021 10:42 PM (IST)Author: **Jagran**

*छापेमारी -दो महिला सहित तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार -बड़ी मात्रा में बोतल और रैप*

छापेमारी

-दो महिला सहित तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-बड़ी मात्रा में बोतल और रैपर बरामद

जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी : भक्तिनगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हैदरपाड़ा घुघनी मोड़ से नकली फिनाइल तैयार करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भक्तिनगर थाना प्रभारी अमरेश सिंह ने बताया कि पकड़े गये आरोपित का नाम भारती दास (40), टूम्पा दास (27) तथा रिटू घोष (32) वर्ष है। इन लोगों के पास से पुलिस ने 276 बोतल तैयार फिनाइल और बड़ी मात्रा में रैपर और बोतल बरामद किया गया है। ये सभी यहां कई नामों से फिनाइल तैयार करते थे। जिन नामों से यह तैयार किया जाता था वह पूरी तरह से नकली होता था। इस प्रकार की फिनाइल खरीदने के बाद एक दो दिन में ही इसमें गंध खत्म हो जाता था। आरोपितों के खिलाफ आइपीसी की धारा 417,419,420,290 के तहत कार्रवाई की गयी है। आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे इस संबंध में गहन जानकारी लेकर शहर में फैले इस प्रकार के अवैध धंधे को रोका जाएगा। बताते चलें कि इसके पहले माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने नकली खाद बनाने के कारखाने का भंडाफोड़ किया था। देखना होगा कि आने वाले दिनों में शहर में नकली मसाला और सरसों तेल बनाने के फैक्ट्री का भी भंडाफोड हो सकता है। नकली जर्दा, गुटखा और कथ्था बनाने की बात तो वर्षो से सामने आती रहती है। पुलिस का कहना है कि कहीं भी नकली समान बनाने का कारोबार नहीं होने दिया जाएगा।

Source: [https://www.jagran.com/west-bengal/darjeeling-fake-finyle-factory-busted-21808514.html](https://www.jagran.com/west-bengal/darjeeling-fake-finyle-factory-busted-21808514.html)